हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 22 जून 2024
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 योग हमारे देश की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति से जुड़ा है : चिंतामणी



KILLER
SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887

SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री
DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा
DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन
O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
D.Pharma (3 years) डी.फार्मा
Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

ए.के. पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट
BMLT DMLT D.Pharma BPT
OT Technician X-Ray Technician
पुराना नर्सिंग कॉलेज, नमनाकला, अम्बिकापुर (छ.ग.)
7772963125, 9039511123

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव आज से होगा प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** आषाढ महीने के प्रथम दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति विकासखण्ड उदयपुर के रामगढ़ स्थित विश्व की प्राचीनतम नाट्य शाला स्थल पर दो दिवसीय रामगढ महोत्सव का आयोजन 22 एवं 23 जून को किया जा रहा है। दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव का भव्य शुभारंभ शनिवार को सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के सांसद चिंतामणी महाराज के मुख्य आतिथ्य में होगा। वहीं 23 जून को समापन समारोह की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाडे. होंगी। रामगढ़ महोत्सव के प्रथम दिवस 22 जून पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन होगा, जिसमें शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया जाएगा। वहीं स्थानीय कवियों द्वारा कवि सम्मेलन में प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके साथ ही शुभारंभ अवसर पर शास्त्रीय नृत्य गीत-संगीत के साथ महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ होगा। इसी प्रकार कार्यक्रम के दूसरे दिन 23 जून को विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन बच्चों, स्थानीय कलाकारों, बाह्य कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। वहीं शास्त्रीय गीत-संगीत, नर्तक दल भी प्रस्तुति देंगे।

### जिले के प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा 24 से 28 तक

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ अनुसूचित क्षेत्र की ग्रामसभा (गठन सम्मिलन की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन) नियम 1998 के नियम 06 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने जिले के समस्त ग्राम पंचायतों के प्रत्येक ग्रामों में ग्राम सभा का आयोजन 24 से 28 जून तक करने के निर्देश दिये हैं। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 (2) (क) के तहत गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा में सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति करवाने का दायित्व सचिव, सरपंच एवं पंच का होगा। ग्राम सभा की कार्रवाई छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 ख (3) (4) अनुसार संचालित होगी।

### जगह-जगह सड़कों पर जमा पानी, आवागमन प्रभावित

# प्री-मानसून की वर्षा से तरबतर हुआ शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- 25 मिमी से अधिक वर्षा होने का अनुमान

शुक्रवार को पहली बार प्री-मानसून की मूसलाधार वर्षा हुई। एक घंटे की मूसलाधार बारिश में शहर तरबतर हो गया। इस दौरान पानी की निकासी नहीं होने के कारण मुख्य मार्ग के साथ ही निचली बस्तियों में मुख्य मार्गों एवं आसपास के क्षेत्रों में पानी जमा हो गया जिससे काफी देर तक आवागमन प्रभावित रहा।

अभी सरगुजा में मानसून ने दस्तक नहीं दी है लेकिन प्री मानसून की वर्षा लगातार होने के कारण कृषकों ने खरीफ खेती की तैयारियां प्रारम्भ कर दी है। पिछले 10 दिनों से अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ शहर सहित पूरे जिलेभर में प्री-मानसून की वर्षा हो रही है। जिले के अन्य क्षेत्रों में प्री मानसून की अच्छी वर्षा हुई है। इस साल शुक्रवार की शाम पहली बार शहर में झमाझम वर्षा हुई। तेज गरज-चमक के साथ हुई एक घंटे की बारिश में ही शहर तरबतर हो गया। इस दौरान 25 मिमी से अधिक वर्षा होने का अनुमान है।

बारिश से गड्ढे.लबालब हो गए एवं नालियों के ओवर फ्लो होने के कारण वर्षा का गंदा पानी सड़कों एवं निचले इलाकों में जमा हो गया। शहर के दूरदर्शन कॉलोनी, पीजी कॉलेज व गांधी चौक, सत्तीपारा मोड़, पुराने बस स्टैण्ड के पास सड़क पर पानी जमा होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पिछले साल विलम्ब से मानसून के पहुंचने के साथ ही प्री मानसून की वर्षा नहीं हुई थी जिससे खरीफ खेती पर विपरीत प्रभाव पड़ा था। इस बार प्री-मानसून की अच्छी वर्षा होने से किसान उत्साहित हैं।



मूसलाधार बारिश के दौरान सूनी सड़क।

### अब रातें होंगी बड़ी

सूर्य 21 जून से उत्तरी गोलार्द्ध में सूर्य के सापेक्ष में धरती के घुर्णन में 2.5 डिग्री का अंतर आने के कारण सूर्य दक्षिण दिशा की ओर जाता प्रतीत होता है। आज के दिन कर्क रेखा पर सूर्य का लम्बवत होने के कारण दोपहर 12 बजे छाया नहीं बनती। इस बदलाव के कारण अब दिन की अवधि कम एवं रात की अवधि अधिक होगी। आज से दिन की अवधि 13.5 घंटे रात की अवधि 10.5 घंटे की होगी। रात की अवधि धीरे-धीरे बढ़ती जाएगी। सूर्य 21 सितम्बर को भूमध्य रेखा के ऊपर लम्बवत होगा तो रात की अवधि बढ़ जाएगी एवं दिन की अवधि छोटी होने लगेगी। हर साल ऐसा बदलाव होता है।

### फीडर में खराबी, अंधेरे में देवीगंज

बारिश के दौरान गरज-चमक होने से शहर के देवीगंज फीडर में तकनीकी खराबी आने के कारण शहर के बड़े इलाके में एक घंटे तक अंधेरा छाया रहा। फीडर में आई खराबी के कारण देवीगंज रोड, चोपड़ा पारा, केदारपुर, जोड़ा पीपल के इलाके में अंधेरा छाया रहा। वर्षा बंद होने पर विद्युत कर्मियों ने विद्युत फीडर में आई खराबी को सुधारा तब 8.15 बजे देवीगंज मार्ग की विद्युत आपूर्ति सुचारू हुई। अन्य क्षेत्रों की आपूर्ति आधे घंटे पूर्व ही सुचारू कर दी गई थी। मुख्य बाजार में अंधेरा होने के कारण व्यवसाइयों एवं यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



# घर से 32 नग साल चिरान व कंडी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- वन अधिकारियों ने की कार्रवाई

वन विभाग ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई कर घर से 32 नग साल चिरान व कंडी जब्त किया है। वन विभाग ने आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है। बता दें कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए है जो बेखौफ होकर पेड़ों की कटाई करने के साथ ही दूसरे प्रांतों में कीमती लकड़ियों की तस्करी कर रहे है।

हालांकि समय समय पर वन विभाग द्वारा तस्करों पर कार्रवाई की जा रही है लेकिन कार्रवाई के बाद भी पेड़ों की अवैध कटाई का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में लखनपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि कुन्नी सर्किटल अंतर्गत एक घर में बड़ी संख्या में अवैध लकड़ी रखी हुई है। सूचना मिलने के बाद के वन परिक्षेत्र अधिकारी मेरी लीला लकड़ा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने कुन्नी सर्किल अंतर्गत ग्राम मांजा लोटान पारा निवासी 32 वर्षीय जगतू राम आ. इंदल साय के घर छापेमारी की कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान जांच में वन विभाग की टीम ने घर से 32 नग साल चिरान व साल कंडी 0.614 घन मीटर जब्त किया गया। वन विभाग द्वारा आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम 1927 की धारा 33 के तहत कार्रवाई की है। वहीं उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नियमित रूप से तस्करों पर नजर रखी जा रही है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# राशन वितरण में लापरवाही पर नपे एसडीएम, दो दुकानों का आबंटन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- विधायक प्रबोध मिंज की शिकायत पर हुई कार्रवाई

ग्रामीणों द्वारा खाद्यान्न नहीं मिलने की शिकायत के बाद कलेक्टर ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर ने धौरपुर एसडीएम को हटा दिया है जबकि शासकीय उचित मूल्य दुकान ककनी, जोरी का आबंटन निरस्त कर दिया है।

बता दें कि शुक्रवार को लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टर के पास पहुंचे थे और उन्होंने राशन वितरण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के बाद कलेक्टर सरगुजा द्वारा एसडीएम धौरपुर राम सिंह ठाकुर को जिला कार्यालय अटैच किया गया है जबकि उनके स्थान पर अब डिप्टी कलेक्टर नीरज कौशिक धौरपुर के एसडीएम होंगे। वहीं कलेक्टर के निर्देश पर धौरपुर के शासकीय उचित मूल्य दुकान ककनी तथा जोरी का आबंटन निरस्त कर दिया गया है। आबंटन के निरस्तीकरण हेतु जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत ककनी के शासकीय उचित मूल्य दुकान ककनी का संचालन कमल महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जा रहा था, उनके द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता किए जाने की शिकायत पर समूह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। संचालक एवं विक्रेता द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता पाये जाने एवं संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धौरपुर के द्वारा आबंटित दुकान निरस्त कर शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत दुन्दु में अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त संलग्न किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत जोरी के शासकीय उचित मूल्य दुकान जोरी का संचालन सूरज खाद्य एवं उपभोक्ता समूह द्वारा किया जा रहा था, उनके द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता किये जाने की शिकायत पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। संचालक या विक्रेता द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता पाये जाने एवं संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धौरपुर के द्वारा आबंटित दुकान निरस्त कर शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम बिल्हमा में अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त संलग्न किया गया है।



# पीएम आवास का निर्माण शासन की प्राथमिकता : निहारिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पंचायत विभाग की प्रमुख सचिव ने ली समीक्षा बैठक, किया गांव का दौरा, कहा बारिश में बंद नहीं होंगे मनरेगा के कार्य

शुक्रवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक ने जिले में चल रहे पंचायत विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का आकस्मिक दौरा किया।

आज संचालक पंचायत विकास श्रीमती प्रियंका महोबिया तथा मिशन संचालक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण श्रीमती चंदन त्रिपाठी की मौजूदगी में जिपं सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान प्रमुख सचिव श्रीमती बारिक ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को आवास की सुविधा देना शासन की प्राथमिकता है। इस पर विशेष फोकस करें। पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी हेतु भी आवास निर्माण किया जाना है। इस कार्य को प्राथमिकता के साथ प्रगति लाते हुए पूर्ण करें।

उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि मिशन के तहत शौचालय निर्माण के कार्य में सीईओ जनपद पंचायत बेहतर तरीके से मॉनिटरिंग करें जिससे लक्ष्य के अनुरूप कार्य में प्रगति दिखे। इसी तरह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य हेतु आवश्यक सामग्री की खरीदी और एसएलआरएम सेंटर का सतत संचालन करवाएं। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर से जुड़े कार्यों को बारिश से पूर्व ही पूर्ण करें। वनीय क्षेत्रों में भी अमृत सरोवर तैयार किए जा सकते हैं, इस पर भी काम किया जा सकता है। मनरेगा के तहत कार्य बारिश में बंद नहीं होंगे। 13 प्रकार के कार्य मनरेगा अंतर्गत एफआरए हितग्राहियों के आजीविका संवर्धन हेतु किए जा सकते हैं। इसकी कार्ययोजना बनाकर श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक उपरान्त श्रीमती बारिक व अन्य अधिकारियों ने ग्राम भकुरा में पीवीटीजी बसाहट में प्रस्तावित सड़क निर्माण का जायजा लिया। ईई पीएमजीएसवाई ने बताया कि मेन रोड से भकुरा ग्राम तक पहुंच मार्ग का निर्माण किया जाना है। इस सड़क की लंबाई 1.20 किमी है जिसकी लागत राशि 51.25 लाख रुपए है। प्रमुख सचिव ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने सरगवां स्थित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण कर समूह की महिलाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने महिलाओं से बात कर अपशिष्ट एकत्र करने, यूजर चार्ज, सेग्रीगेशन और डिस्पोजल की जानकारी ली।



### ऑटो पलटने से गंभीर ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** ऑटो के पटलने से सवार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चरचा सरडी निवासी ओम प्रकाश आ. रामचरण (45 वर्ष) गुरूवार को गांव के ही मोती राजवाड़े के साथ उसके ऑटो में बांस बल्ली लोड कर पण्डोपारा पहुंचाने जा रहे थे। जैसे ही चालक ग्राम जमनीपारा के समीप पहुंचा तभी ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में सवार ओम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई।

# महिला का अश्लील वीडियो बनाने के मामले में आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला की अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देने और 20 हजार रुपए की मांग करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने अश्लील वीडियो बनाने वाले आरोपी को पंजाब के जलालाबाद से गिरफ्तार किया है।

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला को उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर फौजी साहब एवं अमन फौजी के नाम से मैसेज आया था इस दौरान दोनों के बीच इंस्टाग्राम पर बातचीत होती थी और बाद में दोनों मोबाइल फोन पर बात होने लगी। इस दौरान वीडियो कॉल पर बात करते समय उसने महिला का अश्लील वीडियो बना लिया और हमेशा वीडियो वायरल करने की धमकी देकर फोन पर बात करने की धमकी देता था। इसके साथ ही आरोपी द्वारा 20 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। ऐसे में महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामले में धारा 509(ख), 354 (ग), 384 एवं 67 आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस व साइबर सेल की टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही थी और जांच के दौरान पुलिस को पंजाब रवाना किया गया। पुलिस ने घेराबंदी कर पंजाब के जलालाबाद पेरेगोताड़ निवासी 21 वर्षीय रमन प्रीत सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से मोबाइल फोन जब्त करने के साथ ही उसे गिरफ्तार किया है।



# दफनाने के बाद मां ने की मृत महिला की शिनाख्त

**लखनपुर।** थाना कुंवरपुर बांध में 13 जून को मिली अज्ञात महिला की लाश की पहचान उसे दफन करने के बाद हुई हे। महिला की लाश की पहचान को लेकर पुलिस पेशोपेश में थी। सोशल मीडिया के माध्यम से मृतका की फोटो जारी कर उसकी पहचान कराने की कोशिश में पुलिस ने लाश को अम्बिकापुर मरच्युरी में रखवाया था। महिला की पहचान नहीं होने की स्थिति में 6 दिन बाद पुलिस ने तहसीलदार की मौजूदगी में लाश को चीर घर के पास दफन करा दिया था। मृतिका की मां ने 20 जून को पुलिस द्वारा जारी तस्वीर की पहचान अमगसी निवासी अपनी पुत्री मनमेश्वरी पति पंचराम (39साल) के रूप में की है तथा पुलिस ने कब्र खोदकर शव देने की बात कही है जिसे मृतिका की मां ने मना कर दिया। उसने कब्र को यथावत रखने एवं कब्र में मिट्टी डालकर अंतिम संस्कार करने की बात कही है। मृतिका एवं उसके पति दोनों की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। मृतिका का ससुराल ग्राम पंचायत मुटकी में था महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर हो सकेगा।

### राष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ ही प्रसव व अन्य कार्य बंद, ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी परेशानी

# सीएचओ की अनिश्चितकालीन हड़ताल से उप स्वास्थ्य केंद्र प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उप स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ कार्य करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। सीएचओ द्वारा लंबित कार्य आधारित वेतन भुगतान, सीएचओ के साथ हो रही अमानवीय कृत्यों पर रोक लगाने सहित अन्य मांगे की जा रही है। इस हड़ताल से जिले के साथ ही संभाग भर में संचालित हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर का काम प्रभावित हो गया है और राष्ट्रीय कार्यक्रमों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग का कार्य पूर्ण रूप से ठप हो गया है।

बता दें कि जिले के साथ ही संभाग भर में संचालित हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की नियुक्ति की गई है। इन सीएचओ का कार्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग करना और उप स्वास्थ्य केंद्रों में एनसीडी, वैक्सीनेशन, प्रसव सहित अन्य कार्य करना है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि उन्हें पिछले 15 माह से कार्य आधारित वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को शासन द्वारा 16 हजार 500 रुपए प्रतिमाह एकमुश्त वेतन तथा 15 हजार रुपए माह में किये गए कार्य के आधार पर कार्य आधारित वेतन (पीएलपी) प्रदान किया जाता है परंतु सरगुजा सहित प्रदेश के दूसरे जिलों में पदस्थ सीएचओ को कार्य आधारित वेतन का भुगतान पिछले 15 माह से नहीं हुआ है। अधिकारी वेतन भुगतान के लिए राज्य से फंड जारी नहीं होने की बात कह रहे है। लंबित कार्य आधारित वेतन भुगतान व अन्य मांगों को लेकर लगातार शासन से पत्राचार किया गया और 18 जून से ऑनलाइन रिपोर्टिंग के कार्य को बंद कर दिया गया था लेकिन इसके बाद भी उनकी मांगे पूर्ण नहीं हुई। ऐसे में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले आज से सीएचओ अनिश्चित कालीन हड़ताल चले गए है। संघ द्वारा मांग की गई है कि उनके लंबित कार्य आधारित वेतन का भुगतान करने के साथ ही आगामी वेतन नियमानुसार माह के 15 तारीख तक प्रदान किया जाए। महिला सीएचओ के साथ हो रहे अमानवीय कृत्यों पर रोक लगाते हुए गृह जिले में स्थानांतरण एवं 8 किमी के दायरे में मुख्यालय निवास लागू किया जाए। सीएचओ जिला संयोजक कांकेर पवन कुमार वर्मा के जारी किए गए सेवा समाप्ति के आदेश को रद्द कर बहाली की जाए और गलत जानकारी देने वालों पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान संघ के प्रांतीय महामंत्री अनिल पाण्डेय, हेमन्त मरावी, सीएचओ प्रकोष्ठ की जिला संयोजक करिश्मा केरकेट्टा, अतुल शुक्ला, वर्षा तिर्की, आरती सिंह, अस्मिता कुजुर, योगिता ठाकुर, निशा कुजूर, बतौली सुमन कुजूर, सपना निराला, कंचन केरकेटा, अनिता राजवाडे सहित एवं जिला के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# सर्पदंश से गंभीर युवक महिला की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अलग-अलग घटनाओं में सर्पदंश से गंभीर हुए युवक व महिला की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम डीगनगर निवासी संदीप आ. बिरबल (16 वर्ष) बीती रात बड़े भाई अजीत के साथ कमरे में जमीन पर सो रहे थे। इसी दौरान रात 1 बजे संदीप को जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काटने की बात संदीप ने भाई को बताया। अजीत ने मोबाइल टार्च जला कर देखा तो बिस्तर के पास करैत सांप था। परिजन संदीप को तत्काल राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम बम्बा निवासी सन कुवंर सिदार पति धन सिंह सिदार (40 वर्ष) 6 जून की रात कमरे में सो रही थी। इसी दौरान शरीर में कुछ काटने पर उठी और पति को बताई। साथ ही शरीर में दर्द होने की शिकायत करने लगी। परिजन महिला को निजी वाहन से बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत में सुधार नहीं होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां गत दिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप



### सीआरपीएफ 62 बटालियन के जवानों ने किया योगाभ्यास

**अम्बिकापुर।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 62वीं बटालियन के दूरदर्शन कॉलोनी स्थित मुख्यालय में कमांडेट प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कार्मिकों ने सुबह 6:30 से 7:45 बजे तक योगासनों का अभ्यास किया। कमांडेट श्री सिंह अधिकारी व जवानों को योग से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में बताया एवं अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

### साई बाबा आदर्श कॉलेज में मना योग दिवस



**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग का अभ्यास किया गया। प्राचार्य डॉ राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि नियमित योग करें और दूसरों को भी योग-प्राणायाम के लिए प्रेरित करें। इससे आप स्वस्थ रहेंगे और समाज भी स्वस्थ होगा। उन्होंने सूर्य नमस्कार, तितली आसन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति से शरीर पर पड़ने वाले लाभ के बारे में बताया। दो योग प्रशिक्षकों के साथ आर्ट ऑफ लिविंग के तानसेन गुप्ता ने आसनों का अभ्यास कराया। इस दौरान डॉ.आरएन शर्मा, अरविन्द तिवारी, शैलेष देवांगन, विवेक कुमार गुप्ता, दिनेश शाक्य सहित अन्य अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### तेरा पंथ के सदस्यों ने किया योगाभ्यास



**अम्बिकापुर।** समणी विपुल प्रज्ञा एवं आदर्श प्रज्ञा के सानिध्य में शिक्षिका श्रीमती स्वीटी महनोत ने तेरा पंथ के सदस्यों को योगासनों का अभ्यास कराया। विपुल प्रज्ञा ने योग एवं नवकार मंत्र द्वारा नवग्रह के प्रभाव को शांत करने एवं शरीर को स्वस्थ रखने का तरीका बताया। उन्होंने कहा कि हमारे शरीर में 13 प्रकार की कोशिकाएं है, जिसपर योग द्वारा अलग-अलग तरीके से काबू पाया जा सकता है। उन्होंने प्रेक्षा ध्यान के बारे में बताया एवं कहा कि जिस प्रकार मनुष्य को जिंदा रहने के लिए भोजन और पानी की आवश्यकता होती है उसी प्रकार शरीर को जिंदा रखने के लिए योग की आवश्यकता है। प्रत्येक मनुष्य को अपनी आत्मा और शरीर के लिए योग आसनों का अभ्यास करना चाहिए।

### पीजी कॉलेज में भौगोलिक अनुसंधान एवं सावधानियां विषय पर व्याख्यान



**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान में डॉ.हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सेवानिवृत प्रोफेसर तथा जनसंख्या अनुसंधान केन्द्र के डायरेक्टर डॉ.संतोष शुक्ला ने भौगोलिक अनुसंधान की प्रकृति, उसकी शोध प्रक्रिया, क्रमबद्ध आनुभाविक, नियंत्रित एवं तर्कपूर्ण अध्ययन, वस्तुनिष्ठता व व्यवहारिकता पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विभागाध्यक्ष डॉ.आरके जायसवाल ने भागौलिक अनुसंधान में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। प्राध्यापक डॉ अनिल सिन्हा ने कहा कि देश के मूर्धन्य भूगोल वेत्ता डॉ.शुक्ला की अकादमी अभिरूचि एवं सक्रियता का छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। सहायक प्राध्यापक श्रीमती दीपिका स्वर्णकार ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो.प्रेमचंद यादव, गेस्ट प्राध्यापक ओमकार कुशवाहा तथा स्नातकोत्तर की छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

### नीट परीक्षा में गड़बड़ी की हो पारदर्शी तरीके से जांच

**अम्बिकापुर।** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर केन्द्र सरकार की



आलोचना की है तथा नीट परीक्षा में धांधली होने का आरोप लगाया है। परीक्षा में गड़बड़ी से परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों का परिश्रम बेकार हो गया है। पेपर लीक होना अपराध है एवं इसके विरूद्ध सख्त कानून बनाया जाना चाहिए। उन्होंने केन्द्र सरकार से छात्रों के भविष्य से जुड़े इस विषय की पारदर्शी तरीके से जांच करने छात्रों की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें जल्द से जल्द न्याय दिलाने की मांग की है।

## लोगों ने किया योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास

# योग परंपरा व संस्कृति का हिस्सा, मिलती है ऊर्जा

**अम्बिकापुर शुक्रवार को शहर सहित पूरे जिले भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारी उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने योग शिक्षकों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में योग शिक्षकों ने योगासनों एवं प्राणायाम के नियमित अभ्यास से होने वाले लाभ से अवगत कराया।**

### सैनिक स्कूल में योगा फॉर सेल्फ एन्ड सोसायटी की थीम किया गया योग



मेंड्राकला स्थित सैनिक स्कूल में योग दिवस मनाया गया। स्कूल के प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल के नेतृत्व में योगा फॉर सेल्फ एन्ड सोसायटी की थीम पर किया गया। इस दौरान सैनिक स्कूल परिसर में निवासरत अधिकारी-कर्मचारियों, कैडेट्स ने योगाभ्यास किया। योग दिवस पर योगासन कार्यक्रम का संचालन स्कूल के खेल प्रशिक्षक सीएचएम वाई इन्द्रा जॉनी द्वारा किया गया। योगासन प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पहले शरीर को ताजगी एवं स्फूर्ती प्रदान करने हेतु सर्वप्रथम अलग-अलग समूहों में योगा दौड़ कराया गया। इसके पश्चात खेल प्रशिक्षक ने योग के बारे में जानकारी देते हुए योग करने के लाभ को बताया। योग प्रशिक्षक द्वारा योग के विभिन्न आसनों के बारे में जानकारी देते हुए सूर्य नमस्कार मुद्रा से योग प्रारंभ कराया गया। इसके पश्चात ताड़ासन, भुजंगासन, नौकासन, सुखासन, अनुलोम-विलोम प्राणायाम, भस्त्रिका एवं कपालभाति प्राणायाम आदि कराए गए। इस अवसर पर ग्राम मुड़ेसा स्थित डेम में भी योगासन कराया गया जिसका मुख्य उद्देश्य पानी बचाव अभियान को बढ़ावा देना एवं अगली पीढ़ी के लिए पानी सुरक्षित रखना था। सैनिक स्कूल में अध्ययनरत कैडेटों के मध्य जूनियर एवं सीनियर वर्ग में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जिसका थीम योगा फॉर सेल्फ एण्ड सोसायटी था। प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने योग को व्यायाम का ऐसा प्रभावशाली प्रकार बताया जिसके माध्यम से न केवल शरीर के अंगों को बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जाता है।



### भाजपा कार्यालय, संकल्प भवन

भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में नगर मण्डल द्वारा योग दिवस मनाया गया। सांसद चिन्तामणि महाराज, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज व वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर के आतिथ्य में आचार्य कमलेश सोनी तथा अम्बिका शुक्ला ने उपस्थित लोगों से योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। सांसद चिन्तामणि महाराज ने कहा कि निरोगी जीवन के लिए योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। योग हमारे तन और मन दोनों शक्तियों को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। इस दौरान जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, नगर मण्डल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, फुलेश्वरी सिंह, अम्बकेश केशरी, विनोद हर्ष, डीके पुरिया, मंजूषा भगत, करताराम गुप्ता, संतोष दास, अभिषेक शर्मा, आलोक दुबे, जन्मेजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### केआर टेक्निकल कॉलेज

केआर टेक्निकल कॉलेज में योग दिवस मनाया गया। आयोजन में अध्यापक, कर्मचारी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। योग शिक्षिका स्वीटी जैन ने उपस्थित लोगों से आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। सेंट्रल बैंक के अधिकारी श्याम गुप्ता ने कहा कि हमें योगाभ्यास को अपने रोजमर्रा के जीवन में शामिल करना होगा। योग का अभ्यास हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। आने वाले समय में भी हम मिलकर इस तरह के सामाजिक सरोकार की गतिविधियां आयोजित करते रहेंगे। उपाध्यक्ष श्री राहुल जैन ने कहा कि योग निरंतर करने वाला अभ्यास है। इसका लाभ तभी मिलेगा जब हम इसका नियमित अभ्यास करें। इस दौरान क्षेत्रीय प्रमुख रणधीर सिंह, संजय प्रधान, नीरज गोस्वामी, प्रियेश गौतम, अनुराग, चंदन, डायरेक्टर श्रीमती रीनू जैन आदि उपस्थित थीं।



### श्यामनगर में संकुल स्तरीय योग

हायर सेकेण्डरी स्कूल श्यामनगर में संकुल स्तरीय योग दिवस के कार्यक्रम में स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने एक साथ योगाभ्यास किया। व्याख्याता अजय कुमार चतुर्वेदी ने योगाभ्यास कराया और नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में हायर सेकेण्ड्री स्कूल, प्राथमिक शाला श्याम नगर, तमोरपारा एवं माता राजमोहनी देवी शाला श्यामनगर के स्टाफ व बच्चों ने एक साथ योगाभ्यास किया। योग शिक्षक अजय चतुर्वेदी ने ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटि संचालन, घुटना संचालन, तड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोण आसन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन तथा विविध प्राणायामों का अभ्यास कराया। योग केवल कसरत ही नहीं बल्कि यह एक ऊर्जा के रूप में काम करता है। इस दौरान प्राचार्य प्रदीप कुमार जायसवाल, व्याख्याता लीलाधर नायक, अजय पटवा, विवेक एक्का, विजय भारती, श्रीमती दीप्ति एक्का सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।



### संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय

एसजीजीयू के प्रशासनिक भवन में आर्ट ऑफ लिविंग की योग शिक्षिका श्रीमती ममता तिवारी ने अधिकारी-कर्मचारियों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कुलपति प्रो.अशोक सिंह ने योगाभ्यास के महत्व को बताया एवं नियमित योगाभ्यास करने के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन तनाव से भरा है। हमारे लिए सबसे कीमती शरीर की देखभाल के लिए समय नहीं है जिससे कई तरह के विकास उत्पन्न होते है। इससे निजात पाने के लिए हमें हर दिन योगाभ्यास करना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में एक योग सेन्टर खोलने की घोषणा की। कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने सभी को योग के फायदे के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि परिवार को प्यार करने वाले अपने शरीर से भी प्यार करें एवं स्वास्थ्य रहने के लिए नियमित योगाभ्यास करें। इस दौरान सभी अध्यापक विवि के अधिकारी-कर्मचारी एवं रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### पुष्पेंद्र कॉलेज ऑफ फार्मेसी

पुष्पेन्द्र कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को अध्यापकों के साथ योगासनों का अभ्यास किया। संस्था के संचालक दिवाकर शुक्ला ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को योगासनों से होने वाले लाभ से अवगत कराया।





### मानव श्रृंखला बनाकर किया योग के लिए प्रेरित

केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय में जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता, सरगुजा साइंस ग्रुप के संयोजक आंचल ओझा, जन शिक्षण संस्थान के संचालक एक सिद्धिकी व योग प्रशिक्षक अमृता मेहता की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अमृता मेहता ने योग का महत्व बतायवा और विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में योग विषय पर आयोजित चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मोदी जी के सेल्फी प्वाइंट पर छात्र-छात्राओं ने जमकर सेल्फी ली। अंत में छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर योग के लिए लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन ब्यूरो प्रभारी हिमांशु सोनी ने किया।



### स्टेडियम ग्राउण्ड एवं शैला रिसोर्ट

**मैनपाट।** स्टेडियम ग्राउंड नर्मदापुर में योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता अनिल सिंह ने कहा कि योग एक जीवन शैली है जिसने अपना लिया वह शरीर व मन दोनों से स्वस्थ हो जाता है। दैनिक जीवन में योगाभ्यास शामिल हो ऐसी कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्रम में शिथिलीकरण आसन, प्राणायाम, ध्यान व संकल्प के साथ योग अभ्यास कराए गए। शैला रिसोर्ट में भी योग किया गया। अंत में जनपद सीईओ अमन यादव ने कहा कि आज के भागमभाग के दौर में योग को जीवन का अनिवार्य अंग बनाना जरूरी है। इस दौरान नायब तहसीलदार कृष्ण कंवर, बीईओ योगेश शाही, बीएम ओआरएस सिंह पैकरा, कुंज बिहारी गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, प्रवीण टेकाम, गजानंद दास, अंजना कुजूर वही शैला रिसोर्ट में मंडल अध्यक्ष रजनीश पाण्डेय, श्रीराम यादव, कल्पदेव यादव, नरसिंह यादव, अनिल राइस सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल में किया गया योग

**राजपुर।** शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु में योग करके निरोग रहने का संदेश दिया गया। इस दिवस की महत्ता को बरकरार रखने के लिए विद्यालय के प्राचार्य व समस्त शिक्षकों ने योग की क्रियाविधि में हिस्सा लिया। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष झा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग निरोग रहने का उत्तम माध्यम है। हमें दिन की शुरुआत योग से ही करना चाहिए ताकि हमारा शरीर स्वस्थ बना रहे।



### विवि इंजीनियरिंग कॉलेज

विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज में योग शिक्षिका श्रीमती अवन्तिका गजोरिया के मार्गदर्शन में योगासन का अभ्यास किया गया। उन्होंने योग से होने वाले विभिन्न फायदे के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ.आरएन खरे ने कहा कि योग भारत में प्राचीन काल से चला आ रहा है। हमें प्रतिदिन योग तथा प्राणायाम करना चाहिए। योग बच्चों की एकाग्रता, याददाश्त और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, शारीरिक फिटनेस मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक जागरूकता को बेहतर बनाने में मदद करता है। सहायक प्राध्यापक महीधर दुबे, ने योग दिवस के महत्व के बारे में बताया।



### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नव विश्व भवन में योगासन, प्राणायाम का अभ्यास किया गया। ब्रह्माकुमारी विद्या दीदी ने कहा कि योग मानव जीवन का अभिन्न अंग है तथा यह भारत की प्राचीन विद्या है जिसे सीखने देश-विदेश के लोग भारत आते है। आत्मा का परमात्मा के साथ मधुर मिलन ही अलौकिक योग है। उन्होंने कमेन्ट्री के माध्यम से राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया।

### स्टेडियम में विभिन्न मुद्राओं से किया गया योग



**सूरजपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्टेडियम ग्राउंड में जिला स्तरीय सामूहिक योग का आयोजन किया गया।

■ कलेक्टर, जिपं सीईओ, जनप्रतिनिधि, नागरिक तथा अधिकारी कर्मचारियों ने किया सामूहिक योग

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक भूलन सिंह मरावी ने विभिन्न मुद्राओं में योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में बाबूलाल अग्रवाल, श्रीमती सुमन सिंह, श्रीमती गीता जायसवाल, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर अहिरे, जिपं सीईओ, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, नागरिकों सहित स्कूली बच्चे शामिल हुए।

मुख्य अतिथि विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि योग हमारे परंपरा और संस्कृति का हिस्सा रहा है। ऋषि मुनि भी योग से सिद्धि प्राप्त करते थे और समाज के कल्याण में ऊर्जा को लगाते थे। हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी योग का संदेश दिया है। इस अवसर पर बच्चे बुजुर्ग योग कर रहे हैं। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा हैं। योग भारतीय संस्कृति की पहचान है। शरीर स्वस्थ रहे इसलिए दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। इसके साथ ही प्रतापपुर में भी भव्य कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में प्रतापपुर विधायक श्रीमती शंकुन्तला सिंह पोर्ते उपस्थित थी।

### राज्य ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों किया ध्यान-साधना



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार के प्रशिक्षक राम कृष्ण ओझा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अधिकारी कर्मचारियों को योगाभ्यास एवं ध्यान साधना कराया गया। कार्यक्रम ग्रामीण बैंक के तत्वाधान में हैप्पीनेस सेंटर, सूर्योदय एग्रो फॉर्म्स, रिंग रोड, तिलसिवां में ग्रामीण बैंक के अधिकारीयों, कर्मचारियों एवं आर्ट ऑफ़ लिविंग के वालिंटियर्स तथा सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान सुरेंद्र अग्रवाल, श्याम लाल गोयल, श्रवण जैन, अनूप अम्बस्ट, दीपक वर्मा, विवेक रंजन, अनिल गुप्ता, अशोक कुमार, शंकर सिंह, गौरव त्रिपाठी, कुणाल कुमार, यशबीर सिंह, अभिषेक दूबे, राकेश चौबे, अमर द्विवेदी, ऋतिक गुप्ता, शिवम ओझा, अभिषेक मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पुलिस के अधिकारी एवं जवानों ने उत्साह व समर्पण के साथ किया योग



पुलिस विभाग हमेशा समाज की सेवा के लिए हर परिस्थितियों में तत्परता के साथ अपना सारा समय देता है। इसलिए पुलिस जवानों का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। योग से संयम और धैर्य बढ़ता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन सहित जिले के सभी थाना-चौकी में पुलिस अधिकारी और जवानों ने बड़े उत्साह और समर्पण के साथ योगाभ्यास में भाग लिया। एएसपी संतोष महतो के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन में आयोजित योग कार्यक्रम में योग शिक्षक संजय गिरी व महिला प्रधान आरक्षक संतोषी गिरी द्वारा पुलिस अधिकारियों व जवानों को योगाभ्यास कराया। शिथिलीकरण के अभ्यास, खड़े होकर किए जाने वाले 5 आसन, बैठकर किए जाने वाले 7 आसन सहित कपालभाती, अनुलोम, विलोम, प्राणायाम, शीतली, भ्रामणी प्राणायाम व ध्यान के अभ्यास कराए साथ ही योग क्या महत्व रखती है उसके बारे में विस्तार से बताया।

### योग से मनुष्य शारीरिक, भावानात्मक रूप से रहता है स्वस्थ



**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।इस दौरान वरिष्ठ क्रीड़ा शिक्षक पी. के. वैद्य एवं संस्कृत शिक्षक अमूल्य भोई के निर्देशन में विद्यालय परिवार एवं विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों व रासेयो समिति सदस्यों ने सामूहिक रूप से विविध योगासनों सूर्यनमस्कार, सुखासन, भुजंगासन, बज्रासन, वृक्षासन, हलासन उत्तानपादासन आदि तथा अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, शीतली ध्यान आदि प्राणायाम की क्रियाएं की गईं। विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक ने उपस्थितजनों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाए दी और सबके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में योग की क्रियाओं के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग से मनुष्य शारीरिक ,मानसिक और भावानात्मक रूप से स्वस्थ रहता है। इससे मनोमस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा विकसित होती है और जीवन उल्लासमय हो जाता है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं एसईसीएल बिश्रामपुर के महाप्रबंधक अजय तिवारी ने समस्त विद्यालय परिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। क्रीड़ा शिक्षक पी. के. वैद्य ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में कहा कि तनाव रहित स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग को अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। इससे हमारा सर्वांगीण विकास होता है और स्वस्थ जीवन शैली विकसित होती है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एल. आर. साहू एवं समिति सदस्य पी. के. वैद्य, एम के सारंगी, बिमान घोष, मानस मेटा , चित्रावती मिश्रा व स्वयंसेवकों सहित समस्त विद्यालय परिवार ने आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया । वरिष्ठ हिंदी शिक्षक ए एम चौबे के द्वारा आभार ज्ञापन व सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का सफल समापन हुआ।

### खेलो इंडिया लघु केन्द्र हर्राटिकरा में खिलाड़ियों ने किया योग



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत खेलो इंडिया के तहत मिनी स्टेडियम ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में स्थापित फुटबॉल ट्रेनिंग सेन्टर लघु केन्द्र के खिलाड़ियों द्वारा उत्साह के साथ स्वयं और समाज के लिए योग की थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर योगाभ्यास में उपस्थिति खेल अधिकारी आरती पाण्डेय ने योग का महत्व को बताया। फुटबॉल कोच एवं योग प्रशिक्षक रामबहादुर लांबा द्वारा खिलाड़ियों को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर पंकज डोंगरे, महेन्द्र सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

### विश्व योग दिवस पर शिक्षक सहित ग्रामीणों ने दो घंटे तक किया योगाभ्यास



**पोडी मोड़।** विश्व योग दिवस के अवसर पर शिक्षक सहित ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला। सुबह 5 बजे से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरहरी के मैदान में पहुंचकर बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और दो घंटे तक योग किया। विजय नारायण कुशवाहा, शिवचरण नापित, वीरेन्द्र गुप्ता, मनोहर प्रसाद कुशवाहा व संजय कुशवाहा ने बताया कि योग करने से कई फायदे है हमें प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। आज के समय के लोग कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना बहुत जरूरी है जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। इस दौरान प्राचार्य श्रीमती निशा तिवारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एकल अभियान अंचल ने लिया संकल्प



**रामानुजनगर।** एकल अभियान के बैनर तले विश्व योग दिवस के अवसर पर जिले के 360 विद्यालयों में योग प्रशिक्षकों द्वारा योग कराया गया जबकि कुछ गांव में आचार्य द्वारा योग कार्यक्रम कराया गया। योग कार्यक्रम में गांव के महिला, पुरुष एवं एकल के बालक, बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। योग करें निरोग रहे का संकल्प लेकर एकल अभियान ने यह कार्यक्रम का आयोजन किया। इस बीच एकल अभियान अंचल समिति पदाधिकारी भी ग्रामों में शामिल हुए। कृष्णपुर विद्यालय, ग्राम देवनगर में योग कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया गया। जहां ग्राम के 46 महिला, 52 पुरुष अंचल समिती 4 कुल 102 उपस्थित रहे। इस दौरान राजेश साहू, मनोज कुमार, प्रदीप झा, शिवम दुबे, बोधन राम प्रजापति, शिवनारायण,आचार्य चंद्र प्रकाश यादव, श्रीमती लीलावती, रामवृक्ष सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामानुज नगर



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर में जनप्रतिनिधियों व शिक्षकों ने विद्यालय के छात्रों और स्वयंसेवकों के साथ विश्व योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य पीसी सोनी, विधायक प्रतिनिधि जयप्रकाश उपाध्याय, सरपंच सुशीला सिंह, सरपंच प्रतिनिधि राम सिंह टेकाम, पंच दशरथ गुप्ता, बीना गुप्ता, शोषण सिंह, संगीता तांजे, योग शिक्षक मनमोहन प्रसाद, व्याख्याता दिलीप शर्मा, सीमा दुबे, श्रुति साहू, नितिन सिन्हा, सुनील गुप्ता, गोपाल सिंह, प्रधान पाठक प्रकाश जोल्हे, शिक्षक बिहारी लाल साहू, वर्षा सिंह, श्याम सिंह मरावी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नरेश गुप्ता, शिक्षक राजीव मिश्रा, इकराम, इसरार हयात, नवीन राठौर, विवेक, निकिता केसरी, आंचल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ नागरिकों ने किया योग



**सीतापुर।** योग दिवस पर निरोग रहने का मूलमंत्र देने नगर में योग शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत द्वारा मंगल भवन में आयोजित योग शिविर में जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी समेत नगर वासियों ने योगाभ्यास किया। योग शिक्षक शैलेंद्र विशी एवं आशीष नायक ने सभी को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर योग शिक्षक शैलेंद्र विशी ने योग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि योग हमारे शरीर को निरोग रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। योग के जरिये इंसान जटिल से जटिल रोगों से मुक्ति पा सकता है। उन्होंने बताया कि आज भारत पूरी दुनिया में योग का प्रचार प्रसार कर इसे लोगों के जीवन का हिस्सा बना दिया है। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्राथमिक शाला घुरवाबुडा में बच्चों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान प्रधान पाठक आशा सोनी ने योग का लाभ बताते हुए बच्चों को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर गांव के लोगों ने भी बच्चों के साथ स्कूल प्रांगण में योगाभ्यास किया।

## खबर संक्षेप

### निगम के सहायक अभियंता उपअभियंता निलंबित

**कोरबा।** आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने रिश्वत लेने के आरोपी निगम के सहायक अभियंता डीसी सोनकर एवं उप अभियंता देवेन्द्र स्वर्णकार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम के दर्री जोन कार्यालय में पदस्थ उप अभियंता श्री स्वर्णकार को रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा पकड़ा गया है, वहीं सहायक अभियंता श्री सोनकर की उक्त प्रकरण में संलिप्तता का आरोप है, परिणाम स्वरूप उक्त दोनों अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है।

### कटघोरा न्यायालय में क्लेम प्रकरणों की बैठक 24 को

**कोरबा।** आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली एवं समस्त राजस्व न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार साहू के द्वारा शासकीय बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक एवं अधिवक्तागणों की बैठक ली गई। जिसमें निम्नानुसार अधिवक्ता एवं बीमा कंपनी के अधिवक्ता उपस्थित हुये। उक्त बैठक में बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन राठौर, सुमन तिवारी, एस.के. मोदी, महेन्द्र अग्रवाल एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित हुये। बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के द्वारा व्यवहार न्यायालय कटघोरा में बैठक आयोजन किये जाने का अनुरोध किये जाने पर बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं की बैठक 24 जून को दोपहर 2 बजे व्यवहार न्यायालय कटघोरा जिला कोरबा के विडियों कान्फेसिंग कक्ष में आहूत की जावेगी।

### मृतक के परिजनों से नेता प्रतिपक्ष ने की मुलाकात, जाना हाल चाल

**कोरबा।** करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोटमेर में पिछले दिनों कच्ची शराब पीने से एक महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई। जहरीली शराब पीने से श्रीमती मालती बाई 50 वर्ष, राम सिंह 60 वर्ष एवं बेदराम 49 वर्ष की मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने मृतक के परिजनों से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ में न आदिवासियों का जंगल बच पा रहा है और न उनकी जान सुरक्षित है।

### अवैध शराब के खिलाफ मुहिम 230 लीटर महुआ शराब जब्त

**कटघोरा।** अवैध शराब बनाने बेचने वालों के विरुद्ध जिला पुलिस की टीम ने फिर से विशेष मुहीम का आगाज किया है। जहां 20 प्रकरणों में आरोपियों के कब्जे से 230 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर लगातार पुलिस के द्वारा अवैध कारोबार पर ताबड़तोड़ कार्यवाही लगातार जारी है।

## बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर विराम लगाने पुलिस आई एक्शन में

# शराबखोरी रोकने आधा दर्जन ढाबों को पुलिस ने कराया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस की टीम जिन मार्गों में हादसे हो रहे हैं। उन मार्गों में संचालित ढाबे जहां ढाबे की आड़ में शराबखोरी हो रही है उनके खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस की टीम ने जिले के आधा दर्जन से अधिक ढाबों को खाद्य विभाग के साथ मिलकर सील करने की कार्रवाई की है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग सहित कटघोरा-पाली मार्ग सहित अन्य मार्गों में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। जिससे लोग काल कवलित हो रहे हैं। लगातार हादसों ने जिला प्रशासन और पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने इन हादसों पर विराम लगाने के लिए व लगातार यातायात पुलिस के साथ सड़कों का उन्होंने निरीक्षण भी किया है और ब्लैक स्पॉटों का चिन्हांकन भी किया है। साथ ही इन इलाकों में जिला पुलिस द्वारा लोगों की मदद के लिए अलग-अलग क्षेत्र में टीम गठित की गई है और पुलिस व प्रशासन के नंबर भी क्षेत्र में सार्वजनिक किए गए हैं। साथ ही हादसा होने पर उस क्षेत्र के ग्रामीणों को एक मित्र दल के रूप में उतारा भी गया है कि हादसा होने पर उन्हें फर्स्ट एड रूप में पहले क्या करना है फिर उन्हें किसको इसकी सूचना देनी है इस तरह की कार्रवाई की जा रही है।

वहीं दूसरी ओर खासतौर पर कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग और कटघोरा-पाली मुख्य मार्ग में पाया गया कि लोग ढाबे की आड़ में शराबखोरी कर रहे हैं और शराब पीकर वाहनों को तेज गति से दौड़ा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के संज्ञान में जब मामला सामने आया तो उन्होंने संबंधित पुलिस थाना प्रभारी व खाद्य विभाग की एक संयुक्त टीम को क्षेत्र में निरीक्षण के लिए भेजा गया था। जहां इस तरह की शराबखोरी के मामले ढाबे में पाए गए थे। जहां बांकीमोगरा क्षेत्र और कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग और कटघोरा-पाली मुख्य मार्ग में लगभग आधा दर्जन से अधिक ढाबे जहां शराबखोरी किए जा रहे थे उनको सील करने की कार्रवाई की गई है। पुलिस की कार्यवाही से ढाबे में शराब बेचने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।



ढाबा पर कार्रवाई करती पुलिस व खाद्य विभाग की टीम।

### ऑटो चालकों पर कब कसेगा शिकंजा

जिला पुलिस व यातायात पुलिस द्वारा लगातार शराबी चालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। निश्चित तौर पर इस कार्रवाई से हादसों पर विराम लगेगा लेकिन वहीं दूसरी ओर शहर व जिले के अलग-अलग क्षेत्र में ऑटो धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। बताया जाता है कि ऑटो चालक देर शाम को शराब के नशे में धुत्त होकर वाहनों को दौड़ते हैं। लगातार इस तरह की कई बार शिकायत भी सामने आई है लेकिन यातायात पुलिस व जिला पुलिस द्वारा ऑटो चालकों के खिलाफ शराब मापक यंत्र से कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद है और खासतौर पर रेलवे स्टेशन और पुराना बस स्टैंड में इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। जिला पुलिस प्रशासन को ऑटो चालकों के खिलाफ भी सख्ती से शराब के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए।

### डीजल से भरा टैंकर पलटा

अंबिकापुर-कटघोरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में अंबिकापुर की ओर से आ रही डीजल से भरी टैंकर महानदी पुल से पहले ढलान पर पलट गई, जिससे सड़क किनारे लगी रेलिंग केबिन में घुस गई। वहीं टैंकर में भरा डीजल भी सड़क पर बह गया। इस हादसे में ट्रक चालक को चोट आई है, जिसे अस्पताल ले जाया गया है। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि हादसे के समय आसपास कोई अन्य वाहन नहीं गुजर रही थी अन्यथा डीजल टैंकर की चपेट में आने से बड़ी अनहोनी हो सकती थी।



सम्मानित हुए विद्यार्थी।

# बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

**बैकुण्ठपुर।** बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ठ अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिशुनपुर में अध्यनरत कक्षा 12 वीं के मेधावी विद्यार्थी कुमारी राखी पाण्डेय, आर्ची राजवाड़े, कृति राजवाड़े, विद्या राजवाड़े, सुषमा राजवाड़े, रोशनी राजवाड़े एवं कक्षा 10 वीं के मेधावी विद्यार्थी कुमारी खुशबू राजवाड़े, श्रद्धा राजवाड़े,पुष्पा राजवाड़े, ज्योति टांडे, जिया राजवाड़े, पियूष राजवाड़े को मेडल पहनाकर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईसेक्ट कॉलेज ऑफ कम्प्यूटर एजुकेशन के डायरेक्टर एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ चालक नरेश सोनी ने बच्चों को पढ़ाई में एकाग्रता के साथ अनुशासन और नैतिकता की शिक्षा दी और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को प्रोत्साहन करने का ऐसा कार्यक्रम अन्य गांवों के लिए अनुकरणीय है, साथ ही उन्होंने नशामुक्ति के लिए बच्चों को जागरूक किया। कार्यक्रम में सेवा समिति के संरक्षक एवं पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीरबल राम राजवाड़े, पूर्व एसईसीएल कर्मी शिव प्रसाद राजवाड़े, सेवा समिति के सह संरक्षक रामफल राजवाड़े व्याख्याता, वाणिज्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारा, समिति के अध्यक्ष रामजतन राजवाड़े, कार्यकारी अध्यक्ष नेतलाल राजवाड़े, समिति के उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार राजवाड़े, रामकुमार राजवाड़े, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र राजवाड़े, सह कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र राजवाड़े, सचिव गणेश राजवाड़े, कार्यक्रम संयोजक मनोज राजवाड़े, अजय राजवाड़े, रविशंकर राजवाड़े, प्रदीप खांडे, शेखर राजवाड़े, सनी राजवाड़े एवं सेवा समिति के सदस्य एवं काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# फुहारा चौक पर पसरी गंदगी, लोग हलाकान

**मनेन्द्रगढ़।** शहर का हृदय स्थल कहे जाने वाला फुहारा चौक लंबे समय से गंदगी का पर्याय बना हुआ है। पूरी गर्मी बीत गई मगर एक भी दिन फुहारा चालू नहीं किया गया, इसे लेकर आम लोगों में शहर सरकार के प्रति काफी आक्रोश है, वहीं रही-सही कसर आसपास के दुकानदार पूरी कर देते हैं, जो अपने दुकान का कचरा फुहारा के पास लाकर डंप कर देते हैं, इसे खाने के लिए मवेशियों का जमावड़ा जमा रहता है।

■ व्यापारी और राहगीर परेशान, नपा बेपरवाह

कहने को तो फुहारा चौक शहर का हृदय स्थल है, लेकिन गंदगी इतनी है कि लोगों को यहां से गुजरते समय नाक बंद करना पड़ता है। लंबे समय से इस फवारा चौक के रख-रखाव की मांग की जाती रही है, लेकिन पता नहीं क्यों शहर सरकार इस मामले में उदासीन बनी हुई है। शहर के वार्ड नंबर-12 में स्थित इस फुहारा में पिछले कई दिनों से सफाई नहीं कराई गई है, इससे हर तरफ कचरा नजर आ रहा है, इससे चारों तरफ गंदगी पसरी हुई है। वहीं चौक-चौराहे में गंदगी से लोग परेशान हैं। वार्डवासियों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। यहां सफाई के नाम पर हर महीने लाखों रूपए खर्च किए जा रहे हैं। केन्द्र सरकारी की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन योजना की स्थिति नगर पालिका में बहुत खराब है। जय स्तंभ, फुहारा चौक समेत कई चौक-चौराहे के पास कचरे का ढेर हैं। यहां गलियों से लेकर आम रास्तों पर गंदगी पसरी हुई है। यहां के लोग गंदगी से परेशान हैं। अधिकारियों का दावा है कि व सफाई कर्मी रोजाना कचरा साफ करने के लिए जाते हैं। वार्डवासियों का कहना है कि गंदगी की वजह से फुहारा चौक से गुजरना मुश्किल हो गया है। मूंह पर कपड़ा बांधकर वहां से गुजरना पड़ता है। सुरेश कुमार का कहना है कि ठीक चौराहे में कचरा डंप करने के कारण हालत खराब है।



# अवैध लकड़ी जब्त होने पर सील होगी आरा मिल

**मनेन्द्रगढ़।** वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ मनीष कश्यप द्वारा अवैध रूप से लकड़ी कटाई एवं तस्करी करने के मामले पर अंकुश लगाने के लिए समस्त वन परिक्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया गया था। इसी कड़ी में डीएफओ मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त निर्देशों का पालन करते हुए वन परिक्षेत्राधिकारी बिहारपुर एवं वन परिक्षेत्राधिकारी मनेन्द्रगढ़ ने संयुक्त रूप से टीम गठित कर उजियारपुर में भारी मात्रा में अवैध रूप से रखी गई लकड़ी को जब्त करने में सफलता हासिल की है।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कई दिनों से अवैध लकड़ी कटाई और तस्करी की सूचना वन विभाग को मिल रही थी। बुधवार की सुबह वनमंडल अधिकारी को मुखबीर से सूचना मिली कि उजियारपुर के कुछ घरों में भारी मात्रा में लकड़ी रखी गई है। तत्काल इसके लिए बिहारपुर और मनेन्द्रगढ़ रेंज के स्टाफ की जॉइंट टीम बनाई गई और संबंधित घरों में छापामार कार्रवाई हुई। इसमें काफी मात्रा में लकड़ी बरामद हुई है। जब्त सागौन 2 घनमीटर है। सभी लकड़ी फर्नीचर मार्ट में उपयोग के लिए रखी गई थी। ग्राम पंचायत उजियारपुर के फर्नीचर कांट्रेक्टर के घर पर छापा मारकर यह कार्रवाई की गई है। इस पूरे मामले में तीन-चार घरों में कार्रवाई हुई। इसमें कई इमारती लकड़ी समेत सागौन की बल्ली काफी संख्या में मिली है और आरा भी मिला है।

# कुंआभट्ठा बस्ती में मकानों को तोड़ने पहुंची टीम लौटी वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवारी बाय पास में कुआं भट्ठा नामक बस्ती बसी हुई है जहां 40 परिवार निवास करते हैं। उक्त 40 परिवार की जमीन को एक निजी कंपनी अपना बता रही है और न्यायालय के आदेश पर प्रशासन और पुलिस उक्त मकानों को तोड़ने के लिए पहुंची थी जहां बस्तीवासियों के आक्रोश के सामने प्रशासन की एक न चली और प्रशासन को उल्टे पांव लौटना पड़ा। बताया जाता है कि प्रशासन दो तीन दिनों के भीतर फिर से वहां मौके पर मकानों को तोड़ने के लिए फिर से पहुंचेगी ऐसा बस्तीवासियों का कहना है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 25 कुंआभट्ठा बस्ती में 40 से अधिक लोगों को हटाने के लिए सुपर डेवलपर्स नामक कंपनी के लोगों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय से अवैध कब्जा हटाने के आदेश पर अमल कराने एसडीएम तहसीलदार और पुलिस के अधिकारी व जवान गुरुवार की दोपहर जब मौके पर पहुंचे।

**न्यायालय लिंक कोर्ट देवनगर, तहसील रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ /अ-27/2023-24

**// ईश्तहार //**

एतद्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत क्षेत्र चन्दरपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंबिकेश्वर सिंह आ. वंशबहादुर सिंह निवासी ग्राम चन्दरपुर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम चन्दरपुर में स्थित भूमि ख. न. 388, 401, 665, 666, 671, 672, 705, 1069 कुल 08 प्लाट कुल रकबा 4.23 हे. भूमि से सहखातेदारों का नाम विलोपन हेतु छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 04/07/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20/06/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**देवनगर**

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
MULTISPECIALITY HOSPITAL
24/7 Emergency Services
पता - बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281 | 8120906000 | 8120809000
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
दिनांक - 19 जून से 21 जून 2024
डॉ. रितेश सिंह
MBBS, MPH, DCMH,CCPM (NIMHANS BANGALORE)
मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
दिनांक - 23 जून 2024, रविवार
डॉ. आकाश अग्रवाल
एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी) एमसीएच (यूरोलॉजी एण्ड रीनल ट्रांसप्लांट) कंसल्टेंट
यूरोलॉजिस्ट एंड्रोलॉजिस्ट एण्ड रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन
मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहुल अहलुवालिया
एम.एस, एम.सी.एच
न्यूरोसर्जन

NABH CERTIFIED
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
Call us : 7869900888 (O.P.D) 822588500 (Hospital) 7240802000
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
50 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
दूरबीन से पित्त की थैली / अपेंडिक्स / बच्चेदानी / गांठ आदि का ऑपरेशन/ लेजर से बवासीर/ फिशर
भगंदर का इलाज / आयुष्मान/राशन कार्ड से इलाज/ आईसीयू/ हड्डी का ऑपरेशन/ प्लास्टिक सर्जरी/ डायबटीक फूड
हमसे मिलें - डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल, भारत माता चौक के पास खरसिया रोड अम्बिकापुर, छ.ग.

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विषेशज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनीमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफाईड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)

सरगुजा मार्केट

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 13 जून 2024 दिन - गुरूवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (OPD) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
रायपुर के वरिष्ठ बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
MBBS, MS MCH (Mumbai) Neonatal & Pediatric Surgeon
एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के रीढ़ की हड्डी और नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. विमल अग्रवाल
MBBS, MS (ORTHO), D. ORTHO, FNB (SPINE SURGERY)
प्रदेश के विख्यात चेस्ट फिजिशियल/ छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ...
डॉ. रोशन वर्मा
MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध न्यूरो फिजिशियन
डॉ. अभिजीत कुमार कोहट
MD, DM (Neurogist)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ. राहुल अहलूवालिया
MS, MCH (Neurosurgeon)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 Tesla MRI
All Diagnostic Facilites
23 जून 2024 दिन चौंथे रविवार को
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नही रख पाते हैं। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर, जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते हैं एवं ट्रस्ट की वेबसाईट WWW.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2024
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर मो. : 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर - मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल 9425547550

डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी
दिनांक 23 जून 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक – 23 जून 2024 रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में हुए कार्यक्रम

# योग हमारे देश की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति से जुड़ा है : चिंतामणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरगुजा अंचल में जगह जगह लोगों ने एक साथ योग किया। इस दौरान योग के माध्यम से लोगों को निरोग रहने के लिए प्रेरित किया गया।

**खास बात**

- जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद, विधायक

जिला मुख्यालय में योग दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और योग के प्रति लोगों को जागरूक किया।

बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जगह जगह योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह सुबह लोगों ने योग किया। दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला मुख्यालय के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणी महाराज ने कहा कि योग हमारे भारत देश के प्राचीन सभ्यता, संस्कृति से जुड़ा है, हमारे ऋषि मुनियों ने योग किया है। आज भारत ही नहीं पूरा विश्व योग कर रहा है। हम अगर प्रतिदिन योग करें तो निश्चित रूप से स्वस्थ रह सकते है, इसलिए स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के लिए योग अवश्य करें। आज कार्यक्रम के दौरान सांसद चिंतामणी महाराज ने लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर, एसपी योगेश पटेल व अन्य लोगों के साथ योग किया। योगाभ्यास के दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा योग के महत्व को बताया तथा योग को नियमित रूप से अपने जीवन मे शामिल करने प्रेरित किया। उन्होंने पद्मासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, हलासन, अर्धचक्रासन, वज्रासन, धनुरासन, मकरासन, नौकासन, पवन मुक्तासन, भुजंगासन, शवासन, कपाल भारती, अनुलोम-विलोम आदि का अभ्यास करवाया। इसके साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी आदि प्राणायाम भी कराया गया। इस दौरान जिपं सीईओ नूतन कंवर, अपर कलेक्टर सुनील नायक, पार्षद आलोक दुबे, विकास शर्मा, हरमिंदर सिंह टिन्नी, मधुसूदन शुक्ला, जिला स्तरीय अधिकारी, वरिष्ठ नागरिकगण के साथ ही स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक भी शामिल हुए और योग कर तन-मन से स्वस्थ रहने का संदेश दिया।



सांसद के साथ योगासन करते जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

## योगाभ्यास में शामिल हुई विधायक



**बलरामपुर।** जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल के खेल मैदान में सामूहिक योग का आयोजन किया गया। योग दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग करना चाहिए, योग के फायदे की वजह से इसे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में पहचान मिली है। कई तरह के रोगों को योग के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने सभी को अपने जीवन में प्रतिदिन योग, व्यायाम के लिए 1 घंटे का समय अवश्य निकालने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया गया। मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती उद्धेष्वरी पैकरा ने विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। सामूहिक योग कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास एवं प्राणायाम कर नियमित योग के लिए प्रेरित करते हुए सभी को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस वर्ष 'स्वयं और समाज के लिए योग की थीम पर सभी लोगों ने उत्साह एवं नई ऊर्जा के साथ योग किया। इस अवसर पर कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, जनपद उपाध्यक्ष भानूप्रकाश दीक्षित, ओमप्रकाश जायसवाल, दीनानाथ यादव, जिपं सीईओ श्रीमती रेना जीमल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक शकुंतला सिंह ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**प्रतापपुर।** विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. विजय सिंह सहित समस्त चिकित्सकों व नर्सेस से स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने पिछले दिनों स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के कारण हुई एक वनकर्मी की मौत के मामले को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में फिर से इस तरह की कोई गंभीर लापरवाही हुई तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की जान कीमती होती है इसलिए स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले सभी मरीजों व दुर्घटना में घायलों का उपचार पूरी गंभीरता के साथ करे। उन्होंने चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को स्वास्थ्य केंद्र की सभी व्यवस्थाओं को चौबीस घंटे दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों की मांग पर बीएमओ डॉ. विजय सिंह को स्वास्थ्य केंद्र में वाटर हीटर लगाने के भी निर्देश दिए। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने स्वास्थ्य केंद्र के सभी वार्डों का निरीक्षण किया तथा भर्ती मरीजों से उनका कुशलक्षेम जाना और स्वास्थ्य केंद्र द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# उच्च न्यायालय के निर्देश पर कल्याणपुर में शासकीय जमीन से हटाया गया अवैध कब्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण किए जाने उपरांत शुक्रवार को लटोरी तहसीलदार की उपस्थिति में उच्च न्यायालय के निर्देश पर बेदख़ली की कार्यवाही की गई। गौरतलब है कि लटोरी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुर में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 3004 रकबा 0.16 हेक्टेयर में से 88 मीटर भूमि पर गांव के ही शिवकुमार, राजकुमार, धनकुमार पिता केशवर द्वारा कच्चा व पक्का मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया था,उक्त जगह पर अतिक्रमण करने मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में रिट याचिका दायर की गई थी।

- बेदख़ली कार्यवाही में प्रशासनिक टीम व पुलिसबल रहे मौजूद

याचिका में पक्षकार अमर साय प्रति छत्तीसगढ़ शासन वगैरह में पारित आदेश दिनांक 14 अक्तूबर 2020 अनुसार शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा हटाने हेतु सूरजपुर कलेक्टर को आदेशित किया गया था। उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में कलेक्टर की निर्देश अनुसार लटोरी तहसीलदार द्वारा अंतिम अवसर के रूप में 18 जून 2024 की दोपहर 12 बजे तक अवैध अतिक्रमण हटाने का अवसर क़ब्ज़ाधारियों को दिया था। इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने उपरांत शुक्रवार को लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा, जयनगर थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, लटोरी चौकी प्रभारी विराट विशी की उपस्थिति में जेसीबी से उक्त अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान यहां पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी।



## केबिनेट मंत्री ने सुनी ट्रांसजेंडर वर्ग की समस्याएं

**बिश्रामपुर।** कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के उनके रायपुर स्थित निवास में ट्रांसजेंडर कम्युनिटी के लोग पहुंचे थे। उन्होंने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से अपनी समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें कई सरकारी योजनाओं में शामिल किया जाए। सरकार भर्तीयों में भी इस वर्ग का ध्यान रखा जाए। ट्रांसजेंडर वर्ग के लोगों को भी महतारी वंदन योजना की तरह सहायता धनराशि का लाभ मिलना चाहिए। साथ ही उन्होंने कई सरकारी भर्तियों पर इन्हें शामिल करने की मांग की है। इस पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि वे जल्द ही उनकी समस्याओं को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष रखेंगी और इनके समस्याओं का निराकरण कराने का कार्य करेंगी।







